Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कनौज में राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज के संयुक्त तत्वाधन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।

आज दिनांक 13.10.2023 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कनौज में तथा राजकीय मेडिकल कालेज कन्नौज के संयुक्त तत्वाधन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान सर्वकल्याण, रक्त की एक बूँद अनमोल के शब्दों के साथ संस्थान की **निदेशक प्रो0 रचना अस्थाना** ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का शुभारम्भ डा0 कन्यालाल मिश्रा ब्लड बैंक, मेधा मिश्रा पैथलॉजी विभाग ने किया। उन्होंने बताया, कि हमारे समाज में कई लोग आकस्मिक दुर्घटनाओं, कैंसर एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित होते हैं। उन पीड़ित व्यक्तियों को समय पर रक्त न मिल पाने के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है, ऐसे पीड़ित व्यक्तियों की रक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इस जनकल्याण के कार्य में हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित होना आवश्यक है। निदेशक महोदया के शब्दों से प्रेरित होकर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के शिक्षणेत्तर, गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़चढ़ के भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के स्वंयसेवक कुशाग्र शर्मा, शशि, अदिति, आयुष कुमार दुबे, जय सेंगर, अमन, आदर्श, पायल, अर्चित, दानिश, आदि ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के शिक्षणेत्तर, गैर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं ने मिलकर 22 यूनिट का स्वैच्छिक रक्तदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर रवीश सिंह राजपूत उप संयोजक राजीव कुमार एवं कुलसचिव डॉक्टर बी0डी0के0 पात्रों समस्त विभागाध्यक्ष ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

ne
Kannauj
Director
Prof. Rachna Asthana


Three Week Student Induction Program
AICTE
Rajkiya Engineering Colle
nauj, UP, India
&
Govt. Medical Coll
uj , UP, India
Health Checku
Donation Camp
Venue: Room No. 108
Date: 13-10-2023
In-charge
Blood Bank
Govt. Medical College, Ka
Coordinator
Dr. Ravish Singh Rajput
ING BUT SAVE
AND HELP NE
REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज